हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 14 दिसंबर 2023

04 ग्राम टिगरिया छोटा में नामांकन, बंटवारा...



05 सब्जी मंडी परिसर में जगह के बाद भी सड़क...





### सभी शासकीय कार्यालयों को जोड़ने का एक मात्र है रास्ता, नगर परिषद ने शुरू की मरम्मत

# नाले की पुलिया का निचला स्लैब गिरा बैरिकेट्स लगाकर रोका रास्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

नगर के वार्ड क्रमांक 6 में स्थित नाले की पुलिया का स्लैब नीचे की ओर से भरभरा कर गिर गया। इस स्लैब के और गिरने की आशंका बन रही है। नगर परिषद द्वारा बैरिकेट्स लगाकर क्षतिग्रस्त पुलिया की ओर का मार्ग बंद कर दिया गया है। पुलिया पर तत्काल नया स्लैब डालने अथवा नई पुलिया बनाना आवश्यक हो गया है अन्यथा किसी भी दिन कोई बड़ी दुर्घटना घटित हो सकती है।

नगर को तहसील, नगर परिषद, जनपद पंचायत, कृषि विभाग, शिक्षा विभाग, दूरसंचार विभाग के कार्यालयों के साथ ही नगर के वार्ड 07,08 एवं ग्राम धरोला सहित कई ग्रामो को जोड़ने वाले मार्ग पर वार्ड 06 में स्थित नाले पर निर्मित पुलिया के दो कॉलम के बीच के स्लैब के एक हिस्से का निचला भाग भरभरा कर गिर गया। स्लैब के गिरने से उसमें लगे सरिए तक अलग हो गए। स्लैब का निचला हिस्सा गिरने से उसका ऊपरी हिस्सा भी हवा में झूलता दिखाई दे रहा है जिस पर कोई भूल से पांव भी रख दे तो वह भी टूटकर गिर सकता है। स्लैब के गिरने के बाद नगर परिषद द्वारा पुलिया के क्षतिग्रस्त हिस्से के आसपास बैरिकेट्स रख दिये गए है जिससे कोई उस हिस्से की ओर कोई जा नही सके।





#### दिन भर रहता है आवागमन

उक्त पुलिया पर दिनभर आवागमन बना रहता है। जहां दोपहिया व चौपहिया वाहनों का दबाव भी बना रहता है। पुलिया के आसपास स्कूल स्थित होने से इस पर से स्कूल मैजिक वाहन के साथ ही बड़ी संख्या में छात्र - छात्राएं पैदल भी गुजरते है। ऐसे में यह पुलिया एक बड़ा खतरा बन चुकी है। क्योंकि यदि किसी व्यक्ति द्वारा बेरिकेट्स हटा दिए जाएं और कोई अनजान व्यक्ति झूलते स्लैब की ओर चला जावे तो हादसा होना निश्चित है। गौरतलब है कि नगर के दोनों रहवासी हिस्से एवं समस्त शासकीय कार्यालयों को जोड़ने का यह एकमात्र मार्ग है।



#### तत्काल डाला जाए नया स्लैब

पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी उक्त पुलिया को नगर परिषद द्वारा या तो तत्काल पूरी तोड़कर नई बनवाना चाहिए अथवा पुलिया पर तत्काल नया स्लैब डलवाना चाहिए। वहीं जब तक उक्त कार्य नहीं होता है तब तक बेरिकेट्स हटाकर उसके स्थान पर फिक्स एंगल गाड़कर उसके आसपास भी एंगल लगवाना चाहिए जिससे कोई व्यक्ति किसी दुर्भावना से बेरिकेट्स हटाकर किसी प्रकार की दुर्घटना नहीं कर सकें।

## गैर स्कूली वाहनों से बच्चों को लाने-ले जाने का कार्य जारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

समाचार पत्रों में लगातार निजी स्कूलों द्वारा संचालित स्कूल वाहनों का तय मापदंडों व नियमों के अनुसार संचालन नही किये जाने के समाचार प्रकाशन के बाद भी नगर में बेखौफ होकर गैर स्कूली वाहनों से बच्चों के स्कूल लाने व उनके घर ले जाने का कार्य बदस्तूर जारी है। जो जिम्मेदारों की मिलीभगत के संभव दिखाई नही देता है। शासन द्वारा निजी स्कूलों द्वारा संचालित स्कूल वाहन के लिए कई मापदंड तय किये हुवे है जिनका पालन नगर के अधिकांश स्कूल करते दिखाई नही देते है। इन मापदंडों में सबसे महत्वपूर्ण मापदंड है कि स्कूल वाहन का रंग पीला ही होगा। लेकिन नगर में ऐसे कई वाहन प्रतिदिन बच्चों को स्कूल ले जाने व लाने का कार्य कर रहे है जिनका रंग पीला नही होकर अन्य रंग है। ये वाहन गैर स्कूल वाहन की श्रेणी में आते है जिनका किसी भी स्कूल संचालक द्वारा संचालन करना गैर कानूनी है। लेकिन नगर में बेखोफ होकर इनका संचालन किया जा रहा है। जिसके संबंध में हरिभूमि द्वारा कई बार


अधिकांश मापदंडों का नगर में चलने वाले स्कूल वाहन नहीं कर रहे पालन
स्कूल बसों के संचालन में मापदंडों की अनदेखी, कभी भी हो सकता है हादसा

समाचार प्रकाशन कर जिम्मेदारों को संज्ञान में लाया गया है। हर बार जिम्मेदार मापदंड के अनुसार स्कूली वाहनों के संचालन करवाने की बात कह कर अपने कर्तव्यों की इतिश्री कर देते है। लगातार संज्ञान में लाने के बाद आज तक किसी भी निजी स्कूल के खिलाफ कोई कार्यवाही नही होने के कारण स्कूल संचालक भी बेखौफ होकर गैर कानूनी कार्य कर रहे है। जिसके चलते यह आशंका होना लाजमी है कि कही जिम्मेदारों व स्कूल संचालकों की मिलीभगत से ही तो यह गैर कानूनी कार्य नही हो रहा है। जिम्मेदारों को चाहिए कि नोनिहालो की सुरक्षा के लिए शासन के तय मापदंडों के अनुसार स्कूल वाहनों का संचालन करवाये अन्यथा किसी भी दिन कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है

**किसानों ने की मुवावजे की मांग**

## कुंडलिया डैम की पाइपलाइन फुटने से किसानों की फसले हुईं बर्बाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

तहसील के ग्राम गोठड़ा के समीप बनाए गए कुंडलिया डैम से पाइपलाइन के जरिए क्षेत्र के कई ग्रामों में सिंचाई कार्य हेतु पानी सप्लाई किया जा रहा है। लेकिन रखरखाव के अभाव में कुछ ग्रामों में या तो नहर का पानी ही नहीं पहुंच रहा या फिर पाइपलाइन के फूट जाने से लाइन का पानी किसानों की खेतों में खड़ी फसलों में भरा रहा है। ग्राम सामरी में नहर की पाइपलाइन फूटने से किसानों के खेतों में पानी भर गया है जिसके कारण उनकी रबी फसलों को नुकसान पहुंचा है। किसानों ने फसलों के नष्ट होने पर मुआवजे की मांग की है। वहीं कुंडलिया परियोजना से संबंधित इंजीनियर किसानो द्वारा पाइप लाइन का वॉल खोलकर पानी की निकासी करने की बात कह रहे हैं। नलखेड़ा तहसील के ग्राम सामरी में स्थित विद्युत लाइन के बड़े ग्रीड के नीचे कुंडलिया डैम की पाइपलाइन फूट जाने के कारण सामरी ग्राम के किसानों की जमीन पूर्णता बर्बाद हो रही है। खेतों में खड़ी रबी फसलों में भारी नुकसान पहुंच रहा है।



ग्राम के किसानों ने बताया कि कुंडलिया परियोजना से संबंधित इंजीनियरों को बताने के बाद भी पानी रोकने की कार्यवाही नहीं की जा रही है। उन्होंने बताया कि इस साल में यह तीसरी बार घटना हुई है। जब नहर की पाइपलाइन फूटने से किसानों की फसले नष्ट हुई है। इसी प्रकार तहसील के ग्राम बांसखेड़ी में कुंडलिया डैम की पाइप लाइन में रखरखाव के अभाव में आई तकनीकी खराबी के कारण किसानों को सिंचाई कार्य हेतु पानी नहीं मिल पा रहा है। किसानों द्वारा इसकी सूचना संबंधित डैम के इंजीनियर को देने के बावजूद पाइपलाइन के सुधार का कार्य नहीं किया जा रहा है। जिसके कारण किसानों की फसले सूखने की कगार पर आ रही है। ग्राम सामरी में कुंडलिया डैम की पाइपलाइन के पानी से फसलें नष्ट होने के संबंध में संबंधित इंजीनियर द्वारा बताया गया कि किसानों द्वारा अधिक मात्रा में सिंचाई कार्य करने की मंशा से पाइपलाइन के वाल को खोलकर पानी की निकासी अधिक मात्रा में करने तथा पानी का प्रेशर अधिक होने से वाल उनके द्वारा बंद नहीं हो सका इसकी वजह से खेतों में पानी भराया है।

#### देंगे पानी

कुंडलिया सिंचाई परियोजना के अंतर्गत तहसील क्षेत्र के कई ग्रामों में पाइपलाइन के जरिए सिंचाई कार्य हेतु पानी उपलब्ध करवाया जा रहा है। ग्राम सामरी में पाइपलाइन फूटने की सूचना के बाद किए गए निरीक्षण में पाया कि किसानों द्वारा ही पाइपलाइन का वाल खोलकर पानी की निकासी सिंचाई कार्य हेतु की गई थी। पानी का प्रेशर अधिक होने से वहां ठीक से वाल बंद नहीं कर पाए। इसी कारण उनके खेतों में पाइप लाइन का पानी भराया है। बांसखेड़ी में सिंचाई परियोजना के अंतर्गत डाली गई लाइन से कुछ किसानों को पानी नहीं मिल पा रहा है इसकी सूचना के बाद वहां पर मैकेनिक भेजा गया था। शीघ्र ही पाइपलाइन दूरस्तीकरण का कार्य कर किसानों को पानी उपलब्ध करवाया जाएगा।

**रमेशकुमार**, कुंडलिया सिंचाई परियोजना

#### लक्ष्य के बिना मंजिल प्राप्त नहीं की जा सकती: चौहान

**आगर मालवा।** भारतीय किसान संघ जिला इकाई द्वारा सदस्यता अभियान को लेकर के बड़ोद व आगर ब्लॉक इकाई की एक बैठक नवीन कृषि उपज मंडी स्थित किसान भवन में आयोजित की गई बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष रामनारायण तेजरा ने की मुख्य अतिथि प्रांतीय उपाध्यक्ष डूंगर सिंह सिसोदिया थे जिला कोषाध्यक्ष प्रमोद जोशी, जिला मंत्री राघुसिंह चौहान भी मंचासीन रहे। इस अवसर पर सिसोदिया ने सदस्यता अभियान की महत्ता एवं आवश्यकता पर बात की जिला अध्यक्ष तेजरा ने अपने संबोधन में कहा कि 15 दिसंबर से सदस्यता अभियान के प्रथम चरण की शुरुआत होना है हमने पहले भी 49000 सदस्य बनाकर प्रदेश में नंबर वन स्थान प्राप्त किया था इस बार हमें 1 लाख सदस्य बनाकर राष्ट्रीय स्तर पर एक इतिहास रचना है सदस्यों ने जयकारा लगाकर उनकी बात का समर्थन किया चौहान ने कहा कि लक्ष्य के बिना मंजिल प्राप्त नहीं की जा सकती जिला प्रवक्ता जोशी ने भी अपने संबोधन में कहा की सदस्यता संगठन का मुख्य आधार है हर 3 वर्ष में हमारी सदस्यता होती है इस बार जिले का कोई भी गांव सदस्यता से ना छूटे यह प्रयास हमें करना है बैठक के बाद सभी पदाधिकारी बैजनाथ महादेव मंदिर पहुंचे जहां पर बाबा बैजनाथ की पूजा अर्चना कर प्रथम रसीद बाबा बैजनाथ की काटी गई और प्रभु से प्रार्थना की गई कि हमारा जिला सदस्यता अभियान में राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम आए इस अवसर पर सह मंत्री गोपाल चौधरी, आगर ब्लॉक अध्यक्ष धारा सिंह झाला, बड़ोद ब्लॉक अध्यक्ष विक्रमसिंह आंजना, जिला पदाधिकारी शंकर सिंह ,रमेश लवंशी ,गोविंद शर्मा, शिवनारायण आर्य, नागु सिंह,श्याम पाटीदार, ईश्वर सिंह, राम सिंह, गोवर्धन शर्मा सहित मण्डल व ग्राम के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## 16 से प्रारंभ होगी विकसित भारत संकल्प यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

समाज के अंतिम व्यक्ति तक केंद्र शासन की योजनाओं की पहुंच को सुगम बनाने एवं वंचित व आकांक्षी लोगों को योजनाओं को समयबद्ध तरीके से लाभ देने हेतु नलखेड़ा विकासखंड में 16 दिसंबर से विकसित भारत संकल्प यात्रा शुरू होगी। विकसित भारत संकल्प यात्रा में सर्वसुविधायुक्त आईईसी वैन प्रतिदिन 2 ग्राम पंचायत में जाकर केंद्र सरकार की योजनाओं को प्रचारित करेगी। कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के सुचारू एवं सफल आयोजन हेतु नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारी की नियुक्ति कर दी है। जारी आदेशानुसार विकसित भारत संकल्प यात्रा के नोडल अधिकारी अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) होंगे तथा नगरीय क्षेत्रों में नगरीय निकाय सीएमओ एवं ग्रामीण क्षेत्र के लिए संबंधित जनपद सीईओ सहायक नोडल अधिकारी होंगे। साथ ही ग्राम पंचायत स्तर पर भी विभिन्न विभागों के अधिकारियों को नोडल अधिकारी बनाया गया है। जो विकसित भारत संकल्प यात्रा की आईइसी वैन कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर स्वागत, प्रधानमंत्री के संदेश का वाचन, संकल्प वीडियो विकसित भारत का प्रदर्शन, फिल्म का प्रदर्शन, मेरी कहानी मेरी जुबानी लाभार्थियों के व्यक्तिगत कहानियों का उल्लेख, तकनीकी सत्र के रूप में ड्रोन प्रदर्शन, प्राकृतिक खेती, स्वाइल हेल्थ कार्ड, उन्नत तकनीक आदि की जानकारी, सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रश्नोत्तरी विजेता को पुरस्कार सम्मान आदि की कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे। विकसित भारत संकल्प यात्रा प्रतिदिन प्रातः 10:00 बजे से प्रारंभ होकर दोपहर 01:30 बजे तक एक पंचायत एवं दोपहर 02:00 बजे से सायं 06:00 बजे तक एवं आवश्यकता अनुसार रात्रि तक दूसरी पंचायत में संचालित होगी। विकसित भारत संकल्प यात्रा विकासखंड नलखेड़ा में 16 दिसंबर को ग्राम पंचायत ताखला से शुरू होकर हिरनखेड़ी पहुंचेगी। यात्रा एक दिन में निर्धारित रूट पर चलते हुए 02 पंचायत को कवर करेगी। विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान कार्यक्रम स्थल पर निशुल्क स्वास्थ्य शिविर, स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए जाएंगे, आपूर्ति विभाग द्वारा प्रधानमंत्री उज्वला योजना का आवेदन प्राप्त किए जाएंगे, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक द्वारा किसानों, पशुपालकों, मछुआरे समुदाय को क्रेडिट कार्ड के आवेदन प्राप्त किए जाएंगे, ई-गवर्नेंस सोसायटी द्वारा आधार अपडेशन का शिविर लगाया जाएगा, कृषि विभाग द्वारा किसान हित में चलाई जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी साझा करने हेतु स्टॉल लगाया जाएगा, साथ ही पात्र किसानों को लाभान्वित करवाएंगे, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगरीय निकाय समस्त पेंशन योजना के आवेदन प्राप्त करेंगे साथ ही स्टॉल लगाकर जनमानस की शंकाओं का समाधान करेंगे तथा पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करवाते हुए पंजी संधारित करेंगे।

#### परीक्षा संचालन के लिए कंट्रोल रूम स्थापित

**सीहोर।** जिले में निर्विघ्न रूप परीक्षा सम्पन्न करने के लिए परीक्षा के दिन 17 दिसम्बर को प्रातः 08:00 बजे से जिले के सभी 08 परीक्षा केन्द्रों की सामग्री जमा होने तक के लिए जिला परीक्षा नियन्त्रण कक्ष बनाया जाए। जिले में निर्विघ्न रूप से परिक्षा सम्पन्न कराने के लिए कलेक्टर प्रवीण सिंह ने कलेक्ट्रेट कार्यालय के कक्ष क्रमांक 15 में कंट्रोल रूप स्थापित किया है। कंट्रोल रूम के लिए अधिकारी कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। इनमें लोक सेवा आयोग सीहोर के प्रबंधक विजय वामकले एवं सहायक अधीक्षक भू-अभिलेख सत्यनारायण मालवीय, मनीष करगईया सहायक ग्रेड-3 16 दिसम्बर से 18 दिसम्बर तक उपस्थित रहेकर दिये गये दायित्वों का निर्वहन करेगें। इस कक्ष में जिले के सभी परीक्षा केन्द्रों, पर्यविक्षकों एवं उड़नदस्तों के दूरभाष, मोबाइल नम्बर रखे जाएं एवं महत्वपूर्ण घटना की जानकारी प्राप्त होने पर उसे कलेक्टर व आयोग को तत्काल सूचित किया जाए। कन्ट्रोल रूम द्वारा समस्त सामग्री जमा हो जाने के बाद उसकी सूचना लोक सेवा आयोग को दी जाना सुनिश्चत करें।

### समय-सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने अधिकारियों को दिए निर्देश

## विकसित भारत संकल्प यात्रा का सुचारू व सफल आयोजन करें: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ आगर मालवा

विकसित भारत संकल्प यात्रा शासन की पहली प्राथमिकता है, सभी संबंधित विभाग अपने दायित्वों का निर्वहन गंभीरता से कर यात्रा का सुचारु एवं सफल आयोजन सुनिश्चित करें, यह निर्देश कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक लेकर दिए। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी विभाग प्रमुख ह्यमेरी कहानी मेरी जुबानीह्य के लिए योजनाओं में लाभान्वित हितग्राहियों की सहभागिता करवाएं, शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में यात्रा भ्रमण के दौरान आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में अधिक से अधिक संख्या में नागरिक सहभागी बन सके, इसके लिए कार्यक्रमों का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। केंद्र शासन की योजनाओं का लाभ देने हेतु कार्यक्रम स्थल पर विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर पात्र हितग्राहियों से आवेदन प्राप्त करें, स्वास्थ्य विभाग, निशुल्क



स्वास्थ्य परीक्षण शिविर कार्यक्रम स्थल पर लगाएं। विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान शासन स्तर से प्राप्त आईईसी वैन कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर स्वागत, प्रधानमंत्री के संदेश सहित सभी गतिविधियां सुव्यवस्थित ढंग से आयोजित की जाए। नियुक्त नोडल अधिकारी कार्यक्रम के पूर्व ही सभी तैयारी सुनिश्चित कर ले तथा कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों को भी शामिल किया जाए।

#### किसानों कि शत प्रतिशत ई केवाईसी करवाएं

कलेक्टर ने सभी तहसीलदारों को निर्देशित किया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत जिन किसानों की ई-केवाईसी होना शेष है उनकी शत-प्रतिशत ई-केवाईसी करवाएं। उन्होंने सभी राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि आरसीएमएस पोर्टल एवं राजस्व न्यायालय में लंबित अविवादित नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन एवं अन्य प्रकरणों का निराकरण समय-सीमा में करना सुनिश्चित करें। सभी राजस्व मदों में राजस्व लक्ष्य अनुसार वसूली भी की जाए। कलेक्टर ने मुख्यमंत्री आवासीय भू-अधिकार योजना, स्वामित्व योजना की समीक्षा कर आवश्यक कार्यवाही के निर्देश तहसीलदारों को दिए। कलेक्टर ने विभागवार अनुकंपा के लंबित प्रकरणों की समीक्षा कर अधिकारियों को निर्देशित किया कि अनुकंपा के लंबित प्रकरण में नियमानुसार कार्यवाही करते हुए निराकरण करें। उन्होंने अमृतसर योजना एवं नल जल योजना की विस्तार पूर्वक समीक्षा कर निर्माणाधीन कार्यों को समय-सीमा में पूरे करने के निर्देश दिए। जिले में यूरिया के वितरण एवं उपलब्धता की समीक्षा कर निर्देश दिए कि जिले के किसानों को आवश्यकता अनुसार यूरिया मिलता रहे, इसके लिए पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता रखी जाए।बैठक में सीएम हेल्पलाइन, समय सीमा के लंबित पत्र एवं जनसुनवाई के आवेदनों की भी कलेक्टर द्वारा समीक्षा कर निराकरण के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए। इस अवसर पर एडीएम आर पी वर्मा, सीईओ जिला पंचायत हरसिमरनप्रीत कौर, एसडीएम आगर सत्येन्द्र बैरवा, एसडीएम सुसनेर मीलिन्द ढोके, डिप्टी कलेक्टर सर्वेश यादव सहित जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

#### विकसित भारत संकल्प यात्रा 16 से शुरू होगी

**आगर-मालवा।** समाज के अंतिम व्यक्ति तक केंद्र शासन की योजनाओं की पहुंच को सुगम बनाने एवं वंचित व आकांक्षी लोगों को योजनाओं को समयबद्ध तरीके से लाभ देने हेतु जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में 16 दिसंबर से विकसित भारत संकल्प यात्रा शुरू होगी। विकसित भारत संकल्प यात्रा के लिए जिले को सर्वसुविधायुक्त 04 आईईसी वैन प्राप्त हुई है, जो प्रतिदिन 2 ग्राम पंचायत में जाकर केंद्र सरकार की योजनाओं को प्रचारित करेगी। 16 दिसम्बर को चारो तहसील में विकसित यात्रा प्रारम्भ होकर भ्रमण करेगी।

**खबर संक्षेप**



### प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी बांटी सामग्री

**हाटपिपल्या।** शासकीय शाला भोपापुरा में बच्चो का स्तर पढ़ाई में बहुत ही अच्छा है। यहा के बच्चो को हिंदी ,अंग्रेजी और पहाड़े अच्छे से आते है। प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी बच्चो को स्वेटर गुप्त दान की गई। शिक्षण सामग्री डा गणेश पराशर के द्वारा दी गई। कापी ,पेन ,पेंसिल ,रबर , शापनर, ब्रश , पेस्ट,बाड़ीलोशन ,मोजे ,जूते आदि सामग्री गुप्त दान में दी गई।

### स्वास्थ्य विभाग ने किया शिविर आयोजित

**देवास।** जिला मुख्यालय पर वृद्धाश्रम बसेरा में सभी वृद्धजनो का स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा नियमित रूप से समय-समय पर जांच और उपचार किया जा रहा है। जिला चिकित्सालय के चिकित्सक विशेषज्ञो की टीम द्वारा सभी वृद्धजनो का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जिसमें सभी वृद्वजनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया, हृदय रोग व उच्च रक्त चाप एवं मधुमेह सहित अन्य जांच कर बचाव के प्रति परामर्श दिया एवं पौष्टिक आहार व जीवन शैली में परिवर्तन के बारे में बताया। शिविर में मेडिसीन विशेषज्ञ डॉ. बी.आर. शुक्ला उपिस्थत थे।

## देवास विकासखंड की ग्राम पंचायतों में ग्राम सभा में ग्रामीणों से रूबरू हुए कलेक्टर गुप्ता

# ग्राम टिगरिया छोटा में नामांकन, बंटवारा कार्य में लापरवाही बरतने पर पटवारी को निलंबित करने के दिए निर्देश

### ग्रामीणों से स्कूल, नल जल योजना, ग्राम में अतिक्रमण, उप स्वास्थ्य केन्द्र और आंगनवाडी के संबंध में ली जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने देवास विकासखण्ड के विभिन्न ग्रामों का निरीक्षण किया तथा ग्राम सभा का आयोजन कर ग्रामीणों से चर्चा की एवं ग्रामीणों की समस्यों के संबंध में जानकारी ली। ग्रामीणों से स्कूल, नल जल योजना, ग्राम में अतिक्रमण, उप स्वास्थ्य केन्द्र और आंगनवाडी के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत हिमांशु प्रजापित, एसडीएम बिहारी सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर गुप्ता ने ग्राम क्षिप्रा में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर गुप्ता ने सीईओ जिला पंचायत को हाई स्कूल परिसर में प्राथमिक, माध्यमिक और उच्चतर विद्यालय एक साथ होने पर अतिरिक्त कक्षो का निर्माण करने के लिए योजना बनाने के निर्देश दिये। स्कूल में स्मार्ट बोर्ड का अवलोकन किया एवं स्मार्ट बोर्ड के माध्यम से पढाने के निर्देश दिये। स्कूल को प्राप्त स्मॉर्ट टीवी अन्य स्कूल जहां पर टीवी नहीं है, वहां देने के निर्देश दिये। एसडीएम को स्कूल का सीमांकन करने के निर्देश दिये। स्कूल में जो बच्चे नहीं आ रहे है, उनके अभिभावकों से मिलकर बच्चों को स्कूल आने के लिए प्रेरित करें। कलेक्टर गुप्ता ने ग्राम क्षिप्रा में आंगनवाडी केन्द्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर गुप्ता ने संबंधितो को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

गुप्ता ने ग्राम क्षिप्रा-सुकल्या में ग्राम सभा का आयोजन कर ग्रामीणों से चर्चा की एवं ग्रामीणों की समस्यों के संबंध में





जानकारी ली। ग्रामीणों से स्कूल, नल जल योजना, ग्राम में अतिक्रमण, उप स्वास्थ्य केन्द्र और आंगनवाडी के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान बताया गया कि नल जल योजना का संचालन एवं जल कर वसूली का स्व सहायता की महिलाओं द्वारा किया जा रहा है। इस कलेक्टर ने हर्षा पटेल को नल जल योजना का सफल संचालन करने पर बधाई दी। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम अलीपुर-क्षिप्रा में लगभग आधा किलो मीटर का रास्ता निजी भूमि पर बना है, भूमी स्वामी उस रास्ते से आने जाने में आपत्ति ले रहा है। जिससे ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड रहा है। जिस पर कलेक्टर श्री निजी भूमि पर बने रास्ते के लिए समिति बनाकर निरीक्षण करें और समस्या का निराकरण करें। शासकीय प्राथमिक विद्यालय ग्राम पार्वतीपुरा(क्षिप्रा) और शासकीय माध्यमिक विद्यालय ग्राम कुमारिया का निरीक्षण किया और बीईओ को निर्देश दिये कि स्कूल में ज्यादा स्टॉफ होने एवं विद्यार्थियों की संख्या कम होने पर एक-एक शिक्षक को अन्य स्कूल में पदस्थ करें। ग्राम कुमारिया में नल जल योजना अधुरी हाने से कलेक्टर गुप्ता ने पीएचई विभाग को निर्देश दिये कि पीएस को पत्र लिखे एवं कंपनी को ब्लेक लिस्ट करें। ग्राम कुमारिया में निरीक्षण के दौरान बताया गया कि एएनएम देवास के रोजाना आती है, जिससे कार्य प्रभावित हो रहा है। जिस पर कलेक्टर सीएमएचओं को कार्यवाही के निर्देश दिये। गुप्ता ने ग्राम सुनमानी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ग्राम की झिरी बाई ने बताया कि अंगुठा नहीं लगने से उन्हें राशन नहीं मिल रहा है। जिसपर कलेक्टर गुप्ता ने खाद्य विभाग को राशन उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। ग्राम टिगरिया छोटा में नामांकन, बटवारा कार्य में लापरवाही बरतने पर पटवारी अभिषेक पटेल को निलम्बित करने के निर्देश दिये। शासकीय हाई स्कूल टिगरिया छोटा का निरीक्षण किया। स्कूल में 64 बच्चे और 08 शिक्षक होने से बीईओ निर्देश दिये कि अनुपात से ज्यादा शिक्षक होने से शिक्षकों अन्य स्कूल में पदस्थ करें। कलेक्टर ने ग्राम टिगरिया छोटा में हाई स्कूल और प्राथमिक स्कूल की बाथरूम की मरम्मत के निर्देश डीपीसी को दिये। ग्राम टिगरिया छोटा में नल जल योजना अधुरी हाने से कलेक्टर गुप्ता ने पीएचई विभाग को निर्देश दिये कि पीएस को पत्र लिखे एवं कंपनी को ब्लेक लिस्ट करें। ग्राम टिगरिया छोटा उप स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बताया गया कि उप स्वास्थ्य केन्द्र पर सीएचओ डॉ निखिलेश चौधरी नियमित रूप से नहीं आते है, उप स्वास्थ्य केन्द्र की एएनएम भी सेवा निवृत्त हो गई है। जिस पर कलेक्टर गुप्ता ने सीएमएचओं को एएनएम की नियुक्ति के निर्देश दिये। ग्राम छापरी में नल जल योजना अधुरी हाने से कलेक्टर गुप्ता ने पीएचई विभाग को निर्देश दिये कि पीएस को पत्र लिखे एवं कंपनी को ब्लेक लिस्ट करें। कलेक्टर गुप्ता ने ग्राम टिगरिया गोगा में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का निरीक्षण कर स्कूल के मुख्य द्वार से बिजली के तार हटाने के निर्देश विद्युत विभाग और स्कूल का सीमांकन करने के निर्देश एसडीएम को दिये। विद्यालय की बाउंड्री बनाने के निर्देश दिये। ग्राम टिगरिया गोगा में नल जल योजना अधुरी हाने से गुप्ता ने पीएचई विभाग को निर्देश दिये कि पीएस को पत्र लिखे एवं कंपनी को ब्लेक लिस्ट करें। ग्राम सभा में ग्रामीणों ने कहा कि ग्राम में वर्तमान में दो मतदान केन्द्र है, ग्रामीणों तीन मतदान केन्द्र बनाने की मांग की।

## अमलतास आईवीएफ सेंटर में निःसंतान दंपतियों को मिल रहा किफायती ईलाज

**देवास।** अमलतास आईवीएफ सेन्टर क्षेत्र की जनता के लिए वरदान बनकर सामने आया है। जंहा प्रतिदिन निःसंतान दम्पतियों को निशुल्क परामर्श के साथ किफायती ईलाज का लाभ मिल रहा है । देश में 25 % दम्पति बांझपन से जूझ रहे है, जिसका मतलब करोडो मां की गोद अभी भी सुनी है और उन्हें ईलाज के लिए दुसरे शहर दिल्ली , मुंबई जैसे महानगरों पर निर्भर रहना पड़ता है । किन्तु अब क्षेत्र की जनता को अमलतास आईवीएफ सेंटर में नवीनतम तकनिकी , उन्नत मशीनों अनुभवी निःसंतानता विशेषज्ञों द्वारा मरीजो को विश्वस्तरीय सुविधओं के साथ समय पर उचित, सुलभ ईलाज मुहैया हो रहा है ।

हमारे अनुभवी निःसंतान विशेषज्ञ डॉ. हर्षल शाह एवं डॉ. नेहा अग्रवाल द्वारा बताया गया की आज बांझपन के कई उपचार उपलब्ध हैं।




निः संतानता के लिए स्त्री एवं पुरुष दोनों ही सामान रूप से जिम्मेदार रहते है।

किस दम्पति के लिए कौनसी आइवीएफ़ का चयन करना है ऐसे में निःसंतान दम्पति को बेहतर एवं सफल आईवीएफ प्रक्रिया का चयन करना मुश्किल होता है। आज अमलतास आइवीएफ़ सेंटर मरीजो के चुनाव में सटीक है। उचित जांच,परामर्श के बाद उन्हें अनुकूल उपचार दिया जाता है अमलतास आईवीएफ सेंटर में महिलाओ एवं पुरुषो के लिये सभी सम्बन्धित जांचे आधुनिक उपकरणों एवं सुसज्जित लैब के साथ संभव हैं। अस्पताल के चेयरमैन मयंक राज सिंह भदौरिया ने बताया की अभी तक हमारे सेंटर में 500 से अधिक लोगों ने अपना ईलाज करवाया हैं और कई लोग दिए गए इलाज से लाभान्वित हो चुके है।

## जंगली जानवर गांव में लगे घुसने दो ग्रामवासियों का किया घायल

**चापड़ा।** जंगली जानवर जंगलों के बजाए अब गांवों में घुसने लगे हैं एवं किसानों की फसले भी बर्बाद कर रहे हैं। ऐसी ही घटना भमोरी के समीप गुराडिया कला में मंगलवार दोपहर 11 बजे हुई। एक जंगली सूअर गांव में घुस आया। उसने संतोष वर्मा को घायल कर दिया एवं किसान माखन पाटीदार को अपने सिंग से मार कर घायल कर वापस जंगल की ओर भाग गया। लोगों ने शोर मचाकर उसे गांव के बाहर खदेड़ा। जितेंद्र राजपूत ने बताया कि जंगली सूअर गांव में घुस आया था। उसने संतोष वर्मा एंव माखन पाटीदार को सामने आते देख उन्हें घायल कर दिया। हम उन्हें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बागली ले गए। जहां उनका इलाज करवा कर देवास जांच के लिए भेज दिया था।

माखन पाटीदार ने बताया कि मुझे जंगली सुअर ने सिंग से मारा। संतोष वर्मा ने बताया कि सुअर गांव



में घुस आया था उसने मेरे पेर मे काटा व भाग गया मुझे बागली अस्पताल इलाज हेतु लें जाया गया।

इस संबंध में गुराड़िया बीट बागली वन रक्षक दिनेश बराड़िया ने बताया कि एक जंगली सुअर गांव में घुस आया था। मैं भी गांव में था बागली विभाग में आवेदन दिलवाकर घायलों का प्राथमिक इलाज करवाया गया।

## भारत सरकार से जिले की दो स्वास्थ्य संस्था कन्नौद और बागली को मिला राष्ट्रीय लक्ष्य अवार्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

भारत शासन और राज्य शासन से प्राप्त दिशा निर्देशानुसार निर्धारित मापदण्ड अनुसार कलेक्टर ऋषव गुप्ता के मार्गदर्शन में देवास जिले की स्वास्थ्य संस्थाओं/अस्पतालों का सम्पूर्ण कायाकल्प किया जा रहा है। चिकित्सा स्वास्थ्य सेवाएं बढाकर आम नागरिको के लिए आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ किया जा रहा है। भारत सरकार द्वारा देवास जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बागली और सिविल अस्पताल कन्नौद ने भी लक्ष्य कार्यक्रम अंतर्गत का लक्ष्य राष्ट्रीय मुल्यांकन में राष्ट्रीय प्रमाणन (नेशनल सर्टिफिकेशन) प्राप्त कर लिया है।

भारत सरकार से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बागली और सिविल अस्पताल कन्नौद को राष्ट्रीय लक्ष्य अवार्ड मिलने पर कलेक्टर गुप्ता ने स्वास्थ्य विभाग की टीम को बधाई दी। जिला अस्पताल सहित अन्य स्वास्थ्य संस्थाओं में चिकित्सक स्टॉफ द्वारा बहुत अच्छे से गुणवत्तापूर्ण उपचार दिया जा रहा है। वर्तमान मे जिला अस्पताल में बेड क्षमता से ज्यादा डिलेवरी हो रही है, एसएनसीयू, एएनआरसी, लेबर रूम सहित सभी सेक्शन में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा रही। भारत सरकार द्वारा देवास जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बागली और सिविल अस्पताल कन्नौद ने भी लक्ष्य कार्यक्रम अंतर्गत का लक्ष्य राष्ट्रीय मुल्यांकन में राष्ट्रीय प्रमाणन (नेशनल सर्टिफिकेशन) मिलना हमारे लिए गोरव की बात है। स्वास्थ्य विभाग कि टीम सदस्य प्रशंसा के पात्र है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ विष्णुलता उईके ने बताया कि लक्ष्य कार्यक्रम अंतर्गत भारत सरकार की टीम से राष्ट्रीय मुल्याकनकर्ता डॉ के श्रीनिवास वर्मा आन्ध्र प्रदेश एवं डॉ आशीष शर्मा




छत्तीसगढ़ संयुक्त टीम द्वारा 15 सितम्बर 2023 को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बागली और 16 सितम्बर 2023 को सिविल अस्पताल कन्नौद में लक्ष्य का राष्ट्रीय लक्ष्य मूल्यांकन किया गया था। लक्ष्य कार्यक्रम के तहत लेबर रूम मे गुणवत्ता सुधार की पहल है। जिसका उद्देश्य इंट्रापार्टम और तत्काल पोस्ट-पार्टम अवधि के दौरान माताओं और नवजात शिशु की देखभाल की गुणवत्ता मे सुधार को देखा जाता है। लक्ष्य कार्यक्रम के तहत गुणवत्ता प्रमाणन के लिए अस्पताल में मरीजों को दी जा रही सेवाओं का सूक्ष्म रूप से निरीक्षण किया गया दल के द्वारा ओपीडी, मेडिसिन वितरण, लैब जनरल वार्ड, मेटरनिटी वार्ड, लेबर रूम आदि का निरीक्षण कर इनसे संबंधित दस्तावेजों की जांच की गई निरीक्षण के दौरान पाई गई, पीएनसी वार्ड का निरीक्षण, भर्ती मरीजों से संवाद कर मिलने वाली स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी ली और प्रसुति कक्ष की निर्धारित मापदण्ड अनुसार मूलभूत सुविधाओं को देखा, लेबर रूम इंचार्ज से चर्चा की शासन स्तर से प्रसुता महिलाओं को दी जाने वाली सेवाओं की जानकारी ली, रिकार्ड का भौतिक सत्यापन किया गया था।

राष्ट्रीय मुल्याकनकर्ता द्वारा फिडबेक दौरान बताया गया था कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बागली में सीमित मानव संसाधन एवं इन्फ्रास्ट्रचर होने के बाद भी उत्तम स्वास्थ्य सेवाएं गर्भवती माताओं बच्चों एवं सामान्य मरीजों को दी जाकर आकस्मिक चिकित्सा नियमानुसार प्रदान की जा रही है। निरीक्षण के दौरान अन्य स्टॉफ का सहयोग एवं कार्य सराहनीय रहा।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ विष्णुलता उईके एवं सिविल सर्जन डॉ एम.पी.शर्मा ने राष्ट्रीय लक्ष्य मूल्यांकन के दौरान उपस्थित रहकर निर्धारित मापदण्ड अनुसार उत्तम कार्य करने सहयोग कर्मचारियो को सहयोग प्रदान करने मे जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक वर्मा, बागली बीएमओं डॉ हेमन्त पटेल, बीएमओं डॉ. लोकेश मीणा इस अवसर पर लक्ष्य की ओर लगातार मार्गदर्शन करने के लिए डॉ.अर्चना मिश्रा, प्राची और राज्य एमएच टीम को धन्यवाद दिया, राष्ट्रीय लक्ष्य मूल्यांकन के दौरान जिला कार्यक्रम प्रबंधक कामाक्षी दूबे, डीपीएचएनओ सुनिता सक्सेना, एमएच समन्वयक आंतरिक मूल्यांकनकर्ता अंकित, नेहा और आईपीएएस समन्वयक विदिश कुलकर्णी, मेरी थॉमस, डॉ.दीपक यादव डॉ राजकुमार बारवाल, डॉ तरुण सुमन, डॉ. नंदिनी ठाकुर, वंदना मंडलोई, सुषमा विश्वकर्मा, हरीश शर्मा, बलराम बेनीवाल, दिनेश शर्मा, दिनेश साहू एवं अन्य सभी चिकित्सक स्टॉफ को धन्यवाद और बधाई दी।

## सेंट मेरिज कान्वेंट में वार्षिक उत्सव इंद्रधनुष का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

सेंट मेरीज़ कॉन्वेंट सीनियर सेकंड्री स्कूल में वार्षिक उत्सव इंद्रधनुष का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यअतिथि देवास ज़िला पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय (आई.ए.एस) व विशेष अतिथि के रूप में फादर चेरियन एवं पंच कन्या फ़ाउंडेशन की संस्थापक एवं प्रज्ञा प्रवाह की महिला विभाग प्रांत प्रमुख डॉ. समीक्षा नायक के आतिथ्य में दीप प्रज्वलित कर हुआ। अतिथियों का स्वागत विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा पुष्पकुंज भेट कर किया गया। स्वागत भाषण संस्था की प्राचार्या सिस्टर निशा ने दिया। आयोजन में विद्यालय की कक्षा पहली से पाँचवी के विद्यार्थियों द्वारा जैसे इंद्रधनुष का निर्माण विभिन्न रंगो से मिलकर एक प्राकृतिक रूप से होता है उसी आधार पर विभिन्न राज्यो की संस्कृति व वहाँ की वेशभूषा से भारत का निर्माण होता है पर आधारित नाट्य मंचन एवं नृत्य के माध्यम से रंगारंग व मनमोहक प्रस्तुति




दी। कार्यक्रम के मुख्यअतिथि संपत उपाध्याय ने अपने उद्बोधन में कहा की विद्यार्थी अपने स्कूल समय में गाड़यिो का इस्तेमाल ना करे और मोबाइल फ़ोन के इस्तेमाल से बचे साथ ही बताया कि माता पिता किसी भी बच्चे के पहले शिक्षक होते है। विशेष अतिथि डॉ.समीक्षा नायक ने कहा कि देखने में आता है कि बच्चो में डिप्रेशन की समस्या बढ़ती जा रही ही। इस और माता पिता को विशेष ध्यान देना चाहिए। सभी अतिथियों द्वारा आयोजित कार्यक्रम की सराहना की गई। आयोजन में बड़ी संख्या में अभिभावक पीटीए सदस्य सहित स्कूल के सभी स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। अंत में आभार संस्था की उप प्राचार्या सिस्टर गोरेटी ने माना।

### अभिरूचि ललित कला अकादमी के विद्यार्थियों को सुयश

## नेशनल व स्टेट प्रदर्शनियों में चयनित होकर हो रहे पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

देवास के फाइन आर्ट महाविद्यालय अभिरूचि ललित कला अकादमी के विद्यार्थियों की कला राष्ट्रीय, अंतराष्ट्रीय व राज्य कला प्रदर्शनियों में न केवल चयनित हो रही है बल्कि उनके कला कार्यों को पुरस्कृत भी किया जा रहा है । हाल ही में बी.एफ.ए.द्वितीय वर्ष के विद्यार्थी रोहित नंदाने को मुंबई के कैमलीन आर्ट फाउंडेशन द्वारा आयोजित आर्ट कैंप के लिए अजमेर (राजस्थान ) में आमंत्रित किया गया। इस पाँच दिन के आर्ट कैंप में रोहित ने उत्कृष्ट पेंटिंग का प्रदर्शन किया जिसके लिए उन्हें पुरस्कृत किया। इसी वर्ष रोहित का चयन अंतराष्ट्रीय खजुराहो आर्ट फेस्ट-23 की प्रदर्शनी, खजुराहो में भी हुआ था। वहीं बी.एफ.ए. चतुर्थ वर्ष की विद्यार्थी ममता मालवीय की कलाकृति को इसी वर्ष वाकणकर स्मृति राज्य कला प्रदर्शनी, उज्जैन में पुरस्कार प्राप्त हुआ। इसके साथ ही इस संस्थान की द्वितीय वर्ष की ज्योत्सना उपाध्याय को नई दिल्ली की आई जी एन सी ए जैसी प्रतिष्ठित संस्था द्वारा ज्योत्सना के एक चित्र विश्व




पटल पर भारत-2047 प्रदर्शनी में चयन कर दिल्ली में सम्मानित किया गया। संस्थान के निदेशक अमित पिठवे बताते हैं की ये इन विद्यार्थियों के नियमित आने और कला में समर्पित होने का परिणाम है। वहीं विद्यार्थी अपनी इन उपलब्धियों का श्रेय अ प ने शिक्षक,गुरुजन को देते हैं, जो की स्वयं अंतरराष्ट्रीय अनुभवी कलाकार हैं और उन्ही के मार्गदर्शन से कला क्षेत्र में हमें आगे बढ़ने का अवसर प्राप्त हुआ है।



## स्वेटर पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे




**देवास।** विकासखंड अंतर्गत विद्यार्थी हित में सदैव अग्रणी रहने वाली संस्था शासकीय माध्यमिक विद्यालय बिजेपुर में स्वेटर वितरण का कार्यक्रम संपन्न हुआ। विद्यालय के 46 छात्र-छात्राओं को स्वेटर वितरित किए गए। इस पुनीत कार्य में किशोर जोशी (पटवारी), प्रधान अध्यापक किशोर कनासे, शिक्षिका आशा तिलोदिया, शिक्षक नितिन गुप्ता एवं जन शिक्षक मुकेश तिवारी सर का सहयोग रहा। इस कार्यक्रम के दौरान विजय गिरवाल (पटवारी), नितिन नामदेव (पटवारी) भी उपस्थित थे। स्वेटर पाकर छात्र-छात्राओं के चेहरे खिल खिलाए एवं विद्यार्थियों की ओर से विद्यालय की बाल कैबिनेट की प्रधानमंत्री कुमारी विनीता लुवानिया एवं शिक्षा मंत्री कुमारी आयशा शेख ने अतिथियों का आभार माना।

खबर संक्षेप

## ठंडा मौसम होने से गेहूं उपज पर इल्ली का प्रकोप



**आष्टा।** आष्टा विकास खंड गेहूं से लबालब है। अधिक ठंडा मौसम मिलने से इल्ली प्रकोप भी देखा जा रहा है। 2275 सरकार का समर्थन मूल्य होने से उत्साहित किसानों ने ज्यादा पैदावार वाला गेहूं बीज खेत में डाला है। अन्य साथी उपज चने को छोड़ दिया है। चना उपज ज्यादा ठंड सहन नहीं कर पाती। ऐसे में महंगे भाव का दमदार गेहूं ही किसानों को पसंद आया है।यह क्षेत्र गेहूं से सराबोर होने से इस साल पैदावार भी रिकॉर्ड हो सकती है। मैना के किसान पटेल भगवतसिंह वर्मा ने बताया आसपास के गांव भी इल्ली प्रकोप की चपेट में आ गए हैं। गत वर्ष बालियां आने के बाद इल्ली लगी थी लेकिन इस समय तो यह बीमारी उपज बर्बाद करने पर उतारू है।किसान इस प्रकोप को समाप्त करने के लिए महंगी दवाओं का छिड़काव करने लगे हैं। गेहूं उपज पर पीली इल्ली और रस चूसक कीटों का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। इल्ली अनेक प्रकार की होने से पता नहीं चल रहा कि यह ज्यादा नुकसान वाली है या सामान्य। किसानों में इल्ली प्रकोप की चर्चा ज्यादा है।

**अव्यवस्था : नगर का प्रमुख अदालत मार्ग सुबह 10 बजे तक रहता बंद**

# सब्जी मंडी परिसर में जगह के बाद भी सड़क को बना रखा है नीलामी स्थान

सुबह के समय नई सब्जी मंडी से पैदल निकलना भी मुश्किल रहता है। यह समस्या लंबे समय से व्याप्त है। क्योंकि यहां पर सब्जी की नीलामी सड़क पर होती है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



नई सब्जी मंडी में नीलाम व्यवस्था सही नहीं होने के कारण सब्जी उत्पादक किसानों, सब्जी खरीदने वाले व्यापारियों के साथ ही आमजन भी बेहद परेशान हैं। सुबह के समय नई सब्जी मंडी से पैदल निकलना भी मुश्किल रहता है। यह समस्या लंबे समय से व्याप्त है। क्योंकि यहां पर सब्जी की नीलामी सड़क पर होती है। बारिश के दिनों में सर्वाधिक परेशानी किसान व व्यापारी दोनों पक्षों को आती है। जबकि सब्जी मंडी परिसर में जगह होने के बावजूद भी नगर के प्रमुख अदालत मार्ग पर नीलामी कार्यक्रम होता है। फिर भी जिम्मेदार इस तरफ ध्यान नहीं दे रहे हैं।

बता दें कि सालों पहले नगर की पुरानी सब्जी मंडी में जगह के अभाव में बीच रोड पर नीलामी कार्यक्रम होता था। इसे देखते हुए नगर पालिका ने नई सब्जी मंडी को मार्केटिंग सोसायटी के पास स्थान देकर निर्माण कराया था। यहां पर सुविधा युक्त परिसर तथा दुकानों का निर्माण किया गया था। उसके बाद भी यहां पर परिसर में नीलामी कार्यक्रम शुरू नहीं किया गया। वहीं यहां पर जो दुकान निर्मित की गई थी वह भी नीलाम नहीं हो सकीं। अब स्थिति यह है कि सब्जी मंडी के बाहर अदालत मार्ग पर सुबह के समय सब्जी की नीलामी की जा रही है। इस वजह से यह रोड पूरी तरह से जाम रहता है।

नई सब्जी मंडी में नीलामी की व्यवस्था प्रारंभ से ही सही नहीं थी और मंडी समिति ने ध्यान नहीं दिया। सुबह 10 बजे तक रहता है बंद: सब्जी मंडी में सुबह 6 बजे से नीलामी कार्यक्रम शुरू हो जाता है। जहां पर बड़ी संख्या में किसान, व्यापारी तथा स्थानीय लोग नीलामी में पहुंचते हैं। इस वजह से यहां पर भारी भीड़ एकत्रित हो जाती है। यह स्थिति सुबह 10 बजे तक बनी रहती है।

राहगीरों व छात्राओं को दिक्कत: इस मार्ग से निकलने वाले वाहन चालक को व राहगीरों के साथ-साथ शासकीय कन्या हायर सेकंडरी विद्यालय में जाने वाली छात्राएं भी बेहद परेशानी का सामना करते हैं। इस परेशानी से बचने के लिए उन्हें दूसरे रास्ते से घूम कर जाना पड़ता है।

### प्रशासन को समस्या से कई बार करा चुके अवगत

फल सब्जी मंडी व्यापारी एसोसिएशन के अध्यक्ष नरेंद्र कुशवाह ने बताया कि इस समस्या को लेकर कई बार मंडी समिति व प्रशासन का ध्यान भी आकर्षित कराया, लेकिन आश्वासन के अलावा अभी तक कुछ भी नहीं मिला।

### फसल को होता है नुकसान

कई सालों से सब्जियां सड़क पर अव्यवस्थित रूप से नीलाम होती आ रही है। साथ ही आलू, प्याज, लहसुन भी नीलाम होता था। जरा सी बारिश होने पर प्याज और लहसुन का नुकसान हो जाता है, लेकिन इस समस्या के निदान हेतु मंडी समिति का कोई ध्यान नहीं है।

### नई सब्जी मंडी में दी है जगह

बायपास स्थित जो नई कृषि उपज मंडी बनी है वहां पर आलू, प्याज, लहसुन के लिए मंडी में स्थान दिया गया है, लेकिन व्यापारी जाना नहीं चाहते। वहीं सब्जी मंडी में व्यवस्थित नीलामी के लिए निर्देशित किया जाएगा।

**प्रवीण चौधरी**, सचिव कृषि उपज मंडी

# देवबड़ला में मार्गशीर्ष अमावस्या पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने स्नान किया



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

मां नेवज नदी के उद्गम स्थल व पुरातात्विक धरोहर देवांचल धाम देवबड़ला बीलपान में लगातार पुरातत्व विभाग अपना काम कर रहा है।

देवबड़ला स्मारक इंचार्ज कुंवर विजेन्द्र सिंह भाटी ने बताया अभी तक खुदाई में 15 मंदिरों के बेस वा अवशेष प्राप्त हो चुके हैं खुदाई में परमार कालीन बसकीमती व दुर्लभ प्रतिमाएं प्राप्त हुई पुरातन अधिकारी डॉ रमेश यादव की देखरेख में मंदिर क्रमांक 2 जो कि जगत के पालनहार भगवान विष्णु जी का मंदिर है।

इस मंदिर का कार्य अभी प्रगति पर है शिखर की लास्ट लेवल का काम चल रहा है जल्दी ही यह मंदिर तैयार होकर अपने मूल स्वरूप में लौटने वाला है मंदिर समिति के अध्यक्ष श्री ओंकार सिंह भगत जी ने बताया आज मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष की अमावस्या पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने मंदिर प्रांगण में बने हुए कुंड से पवित्र जल से स्नान कर बाबा विल्वैश्वर महादेव का जल अभिषेक व पूजा अर्चना कर क्षेत्र की सुख शांति के लिए मंगल कामनाएं की यूं तो यहां पर हमेशा ही भक्तों का आना-जाना लगा रहता है लेकिन अमावस्या के पावन पर्व एवं तीज त्योहार पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु स्नान कर बाबा के दर्शन कर खुदाई में मिले हुए अवशेषों का अवलोकन करने पहुंचते हैं।

### बीजों के विक्रेता को लाइसेंस लेना अनिवार्य

**सीहोर।** औषधीय फसलों एवं सब्जी, मसाला, पुष्प के बीजों का व्यापार करने वाले व्यापारी को उद्यानिकी विभाग से लायसेंस लिये बिना विक्रय नहीं किया जा सकता है। बीजों के व्यापार करने के लिये विक्रेता उद्यानिकी विभाग से लायसेंस लेना अनिवार्य किया गया है।

# राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक लेकर आगामी लोकसभा चुनाव के संबंध में एसडीएम ने दी जानकारी

**वोटर लिस्ट में जुड़ेंगे नाम, अंतिम प्रकाशन 8 फरवरी को, होंगे चार नए मतदान केंद्र**

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



निर्वाचन विभाग ने अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव की तैयारी शुरू कर दी है। निर्वाचन विभाग ने चुनाव आयोग के निर्देश पर वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाने और संशोधन करने का अभियान 20 दिसंबर से शुरू करने का निर्णय किया है। 1 जनवरी तक मिलने वाले सभी आवेदनों की जांच-पड़ताल के बाद 6 जनवरी को वोटर लिस्ट का ड्राफ्ट लिस्ट जारी की जाएगी। वहीं 8 फरवरी को वोटर सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। लोकसभा चुनाव हेतु चार नए मतदान केंद्र बढ़ाने का प्रस्ताव भेजा जा रहा है।

उक्त बातें सोमवार 11 दिसंबर को एसडीएम रिटर्निंग ऑफिसर आनंद सिंह राजावत ने राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक में कही। श्री राजावत ने बताया कि विधानसभा के 157 आस्था में आगामी लोकसभा निर्वाचन के पूर्व 1 जनवरी 2024 की अर्हता तिथि के लिए प्रारूप मतदाता सूची प्रकाशन के लिए मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों की बैठक में प्राकृतिक, भौगोलिक कारणों से चार नए मतदान केंद्र सृजित करने का प्रस्ताव स्वीकृत किया है ।साथ ही अधिक मतदाताओं वाले मतदान केंद्र से मतदाताओं को शिफ्ट कर मतदाताओं का युक्ति युक्तकरण करने हेतु भी सूची तैयार की गई। चार नए मतदान केंद्र में गऊखेड़ी, मिर्जापुर, दलपतपुरा एवं बरखेड़ी में बनाया जाना प्रस्तावित किया है।

### वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाने संबंधी दिशा-निर्देश में फेरबदल

रिटर्निंग ऑफिसर एसडीएम आनंदसिंह राजावत ने बताया कि वोटर सूची में नाम जुड़वाने, हटवाने और संशोधन का काम शुरू हो रहा है। एक जनवरी 2024 को 18 साल पूरे होने वाले युवा अपना नाम जुड़वा सकते हैं। नाम जुड़वाने के लिए प्रपत्र-6, नाम हटवाने और संशोधन के लिए प्रपत्र 7-8 में आवेदन कर सकते हैं। लेकिन, जो व्यक्ति एक अप्रैल, एक जुलाई 2024 पूरे करने वाले है उनका वोटर लिस्ट में नाम जोड़ने का काम 6 जनवरी के बाद शुरू किया जाएगा। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग हर साल 1 जनवरी को आधार मानते हुए मतदाता सूचियों का स्पेशल शॉर्ट रिव्यू किया जाता रहा है। आयोग ने नए और संशोधन दिशा-निर्देशों के अनुसार वोटर सूची में नाम जुड़वाने के लिए साल में 1 जनवरी, 1 अप्रैल, 1 जुलाई और एक अक्टूबर निर्धारित की गई है।

### अगले साल चार बार चलेगा नाम जुड़वाने का काम

राजावत ने बताया कि एक जनवरी 2024 की अर्हता के संदर्भ में एकीकृत फोटोयुक्त मतदाता सूचियों का प्रारूप प्रकाशन 6 जनवरी 2024 को किया जाएगा। दावे एवं आपत्तियां 6 जनवरी से 22 जनवरी 2024 तक प्राप्त की जाएंगी। मतदाता सूचियों के संबंधित भाग की प्रविष्टियों का ग्राम सभा, स्थानीय निकाय एवं आवासीय वेलफेयर सोसाइटी के साथ बैठक आयोजित कर पठन एवं सत्यापन का कार्य 20 जनवरी 2024 को किया जाएगा। 6 फरवरी, 2024 तक हेल्थ पैरामीटरों की जांच एवं वोटर सूची के अंतिम प्रकाशन के लिए आयोग की अनुमति लेकर डेटाबेस को तैयार कर पूरक वोटर लिस्ट का प्रशासन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि वोटर लिस्ट का फाइनल प्रकाशन 8 फरवरी 2024 को किया जाएगा। लेकिन जो व्यक्ति एक अप्रेल, एक जुलाई और एक अक्टूबर 2024 को 18 वर्ष पूर्ण करने वाले है उनका वोटर लिस्ट में नाम जोड़ने का काम 6 जनवरी के बाद किया जाएगा। बैठक में भारतीय जनता पार्टी से प्रभात धाडीवाल, कांग्रेस से ब्लांक अध्यक्ष जितेंद्र शोभाखेड़ी, चेतन सिंह ठाकुर,आम आदमी पार्टी से अखिलेश जैन उपस्थित थे।

# 7 दिन पहले अच्छी क्वालिटी का प्याज बिका 4510, अब 3410 रुपए क्विंटल हुए दाम



**आष्टा।** प्याज के दामों पर फिर मौसमी असर दिखने लगा है। बीते एक हफ्ते में प्याज के 60 रुपए प्रति किलोग्राम तक पहुंच चुके थे। स्थानीय और बाहर से आवक होने के बाद वर्तमान में प्याज के दाम 3410 रुपए क्विंटल रह गए हैं और यह फुटकर बाजार में अच्छी क्वालिटी का प्याज 40 रुपए प्रति किलोग्राम की दर से बिक रहा है। बाजार विश्लेषकों के अनुसार यह आंशिक मंदी और तेजी है, जो 2 से 4 दिन रहेगी। इसके बाद प्याज के दामों में और गिरावट हो सकती है। इस साल फसल खराब होने और कम आवक के कारण सितंबर से दिसंबर माह के बीच 60 रुपए किलोग्राम तक पहुंच गए थे। इस बीच विधानसभा चुनाव होने के कारण केंद्र सरकार ने प्याज के निर्यात पर रोक लगाकर देश भर में नेफेड उचित मूल्य केंद्र के जरिए 25 रुपए प्रति किलोग्राम की दर से बेची थी। केंद्र के जरिए प्रति व्यक्ति को मोबाइल नंबर दर्ज कराने के बाद 2 किलोग्राम प्याज दी जा रही थी। वर्तमान में महाराष्ट्र, दक्षिण भारत तथा प्रदेश में मौसमी उतार- चढ़ाव (खराब मौसम) के कारण प्याज के दामों में भी तेजी और मंदी का दौर है। व्यापारियों का कहना है यह दौर आंशिक है। 2 से 4 दिन में मौसम के स्थिर और प्याज की आवक बढ़ने से इसके दामों में कमी आने की संभावना है। वर्तमान में थोक बाजार प्याज के दाम 15 से 35 रुपए तथा फुटकर बाजार में 20 से 40 रुपए किलो चल रहे हैं।

### आयुष्मान आपके द्वार 3.0 अभियान 31 तक

**सीहोर ।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा दिए गये निर्देशानुसार आयुष्मान भव योजनांतर्गत मिशन मोड में 31 दिसंबर 2023 तक स्वास्थ्य सेवाओं का संतृप्ति सुनिश्चित किए जाने के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। ऐसे में 31 दिसंबर तक समस्त शेष पात्र हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड बनाया जाना है। योजना के तहत आयुष्मान सभा, आयुष्मान मेला हेल्थ एंड बेलनेश सेंटर स्वास्थ्य संस्थाओं पर एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर, आंगनबाड़ी एवं शासकीय शालाओं में बच्चों की स्क्रीन, आयुष्मान ग्राम पंचायत, सेवा पकड़ा का आयोजन किया जाना है।

### मावठा की बारिश और घने कोहरे से राहत

**आष्टा।**मावठे की बारिश और घने कोहरे से फिलहाल राहत मिली है। शनिवार को दिनभर धूप खिली रही। हालांकि सुबह-शाम ठंड असर दिखा रही है। दिन और रात के तापमान में 2-2 डिग्री सेल्सियस की कमी आई है। मौसम खुलने के बाद ठंड अभी और असर दिखाएगी। धूप निकलने से सबसे ज्यादा राहत किसानों ने महसूस की है। मावठा गिरने और बादल छाने से रबी फसलों पर इल्ली का प्रकोप बढ़ गया था। धूप निकलने से इल्ली अपने आप खत्म हो जाएगी। फिलहाल किसान फसलों की देखरेख में जुटे हैं। मौसम का मिजाज बदलने से सर्दी-खांसी और वायरल फीवर के मरीज भी बढ़ने लगे थे। अब मौसम खुलने के बाद इनमें भी कमी आएगी।

# दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान का मासिक सत्संग और भंडारा कार्यक्रम आयोजित



**श्यामपुर।** दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान आश्रम शाखा श्यामपुर द्वारा एनएच-46 स्थित आश्रम प्रांगण में मासिक सतसंग- भजन संकीर्तन एवं भोजन प्रसादी के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। सुंदर सतसंग प्रवचन एवं आरती के उपरांत रमेश चन्द्र सेन शिक्षक बन्धु की ओर से भण्डारा प्रसाद की सेवा की गई । दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के संस्थापक एवं संचालक परम् पूज्य गुरुदेव सर्व आशुतोष महाराज के कृपा पात्र शिष्य स्वामी महादेवानन्द जी एवं भक्तप्रिय यशराज ने सतसंग प्रवचन के अंतर्गत सुंदर विचार प्रस्तुत किये । उन्होंने सतसंग विचारों के अंतर्गत बताया कि प्रभुश्रीराम की भक्ति अमूल्य है। भक्त शिरोमणि हनुमान जी ने प्रभु की निष्काम भाव से भक्ति की । उनके चरणों से प्रीति की तथा प्रभु श्रीराम ने उनकी सेवा से प्रसन्न होकर उन्हें वरदान दिया की जब तक समस्त सरिताएं कल- कल कर प्रवाहित होती रहेगी, पर्वत स्थिर रहेंगे तथा समूचे जीव जगत, बृह्माण्ड का अस्तित्व होगा तब तक धरती पर मेरी कथा होगी । हे हनुमंत ! तुम मेरी कथा का श्रवण करना तथा इस धरा धाम पर रहकर धर्म तथा भक्त समाज की रक्षा करना । विचारों की श्रंखला में स्वामी जी ने जनमानस को बताते हुए यह स्मरण कराया कि आज समाज में जो अज्ञानता फैली हुई है । मनुष्य की जड़ता का समूल नाश तथा मानव का कल्याण पूर्ण सदगुरु संतों की शरण में जाकर प्रभु की भक्ति प्राप्त करने से होता है। भक्ति के बिना जीवन श्रंगारित नहीं होता है । गोस्वामी जी ने रामचरित मानस में कहा है कि ₹भगति हीन गुन सब सुख ऐसे । लवन बिना बहु व्यंजन जैसे₹। कार्यक्रम के पूर्व श्रीराम मंदिर जन्मभूमि अयोध्या से पूजित कलश का आश्रम में पूजन तथा स्वागत किया गया। स्वामी जी ने बताया कि दिनांक 22 जनवरी 2024 के शुभ दिन प्रभु श्रीराम के बाल नूतन विग्रह को श्री राम जन्मभूमि पर बन रहे नवीन मंदिर के गर्भग्रह में विराजित करके प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी । भारतवासियों के लिए यह बहुत सौभाग्य का दिन होगा । क्योंकि प्रभु श्रीराम ही हमारी संस्कृति के पर्याय हैं। स्वामी जी ने अगामी इस शुभ दिवस की सभी को शुभकामनाएं दी । एवं उस दिन जनमानस को पूजन आरती कर प्रत्येक घर में दीपक प्रज्ज्वलित करने हेतु प्रेरित किया । मंचासीन कलाकारों द्वारा ₹एक बार जो रघुवर की नजरों का इशारा मिल जाए₹ भजन की प्रस्तुति पर सभी जनमानस भक्तिमय वातावरण से गूंज उठा । आरती के उपरांत सभी भक्तजनों हेतु भोजन प्रसादी का आयोजन किया। आगामी मासिक सतसंग कार्यक्रम दिनाँक 7 जनवरी माह के प्रथम रविवार को आयोजित किया जाएगा।

**किसानों की भूमि पर रेलवे विभाग द्वारा पुल व पुलियाएं बनाई जा रही हैं**

# रेलवे लाइन परियोजना में अधिग्रहित की गई भूमि के मुआवजे की मांग को लेकर किसानों ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्यामपुर






रामगंज मण्डी से भोपाल नवीन रेलवे लाईन परियोजना मे श्यामपुर तहसील अंतर्गत ग्राम श्यामपुर के कृषकों ने कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा जिसमें मांग की गई है कि उनकी भूमि रेलवे लाईन हेतु अधिग्रहित कर रेलवे लाईन कार्य चालू कर दिया गया है, किन्तु आज दिनांक तक हम किसानों को हमारी जमीन का मुआवजा शासन द्वारा प्रदाय नहीं किया गया है, जबकि रेलवे विभाग ने एक वर्ष पूर्व से ही जमीन अपने आधिपत्य में किसानों से ले ली थी। किसानो ने गेहूं और सोयाबीन की फसले अधिग्रहित भूमि में नही बोई है। उक्त किसानो की भूमि पर रेलवे विभाग द्वारा पुल व पुलियाऐं बनाई जा रही है। जिन किसानो की भूमि पर किसी प्रकार की कोई आपत्ति नही है, उन किसानों का मुआवजा उनके खाते मे शीघ्र प्रदाय किया जाये, और जिन किसानों को भूमि पर आपत्ति विचाराधीन है उन किसानों का मुआवजा रोका जाए। किसानों ने एक वर्ष से अपनी भूमि पर फसल नही बोई है, जिसके कारण किसानों को आर्थिक नुकसान हो रहा है। जबकि दो माह पूर्व भू-अर्जित जमीन का आवार्ड भी पारित किया जा चुका है। किन्तु आज दिनांक तक मुआवजा राशि किसानों को प्रदाय नही की गई है। मांग की है कि जिन किसानों की अधिग्रहित भूमि पर किसी प्रकार की कोई दावा/आपत्ति नही है उन किसानों को मुआवजा राशि शीघ्र प्रदान कराई जावे। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से भँवरलाल पाटिल, दिनेश ठाकुर, बाला प्रसाद पाटिदार, जसपाल ठाकुर, ठाकुर प्रसाद पाटिदार, महेश पाटिदार, बाली खाँ, शुभम पाटिदार, अमरसिंह, गोपाल ठाकुर, सुनील पाटिदार सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय किसान उपस्थित रहे।

14 खंड केंद्रों और आठ नगरीय केंद्रों पर पहुंचाए गए अक्षत कलश

# अयोध्या से आए अक्षत कलश की पूजा कर कार्यकर्ताओं को किए वितरित



हरिभूमि न्यूज ▸▸ब्यावरा

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र से जिला केन्द्र पर आए अक्षत कलश का वितरण खंड केन्द्र के बाद वैष्णोंदेवी धाम मंदिर से ग्रामीण व नगरीय केन्द्रों से आए कार्यकर्ताओं को वितरित किए गए। शहर के अंजनीलाल धाम मंदिर पर पूजन कार्यक्रम के बाद 14 खंड केन्द्रों पर अक्षत कलश पहुंचाए गए थे। सोमवार को नगर के वैष्णोंदेवी धाम मंदिर पर स्वयंसेवक, गणमान्य नागरिक, माता-बहनों की उपस्थिति में 14 अक्षत कलश ग्राम व 8 अक्षत कलश नगरीय केन्द्रों के लिए कार्यकर्ताओं को वितरित किए गए।

**15 जनवरी तक जिले के प्रत्येक परिवार तक पहुंचेंगे आमंत्रण पत्र**



## कारसेवकों को किया जाएगा सम्मानित, घर-घर पहुंचेंगे आमंत्रण

1 से 15 जनवरी के बीच जिले के प्रत्येक हिन्दू परिवार के घर-घर तक आरएसएस, विहिप, हिन्दू संगठन सहित नगर, मौहल्ला और गांव के लोग पहुंचेंगे और अक्षत, श्रीराम भगवान का चित्र, पत्रक व स्टीकर भेंट कर श्रीरामलला प्राणप्रतिष्ठा का आमंत्रण देंगे। कार्यक्रम में 1990-1992 के कारसेवकों को भगवावस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर संघ के विभाग कार्यवाह धर्मेन्द्र शर्मा ने कहा कि 1 से 15 जनवरी तक हर हिन्दू के घर तक अक्षत पहुंचेंगे, श्रीरामलाल प्राणप्रतिष्ठा के अवसर पर पूरे देश में दीपोत्सव मनाया जाएगा, जिसमें हर वर्ग सम्मिलित रहेगा। इस अवसर पर पं.रमेश शर्मा, पं.द्वारिकाप्रसाद, अजय तिवारी, विभाग सेवा प्रमुख डॉ.अशोक अग्रवाल, विहिप जिलाअध्यक्ष अशोक गुप्ता, जिला मंत्री हर्ष तोमर, जिला सेवा प्रमुख बद्रीप्रसाद मीना, प्रखंड अध्यक्ष देवराज दांगी, शैलेन्द्रसिंह, जगदीश सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सुठालिया खंड के 12 मंडलों में पहुंचे अक्षत कलश

सोमवार को श्री राम जन्मभूमि न्यास अयोध्या धाम से आए अक्षत कलशो का महावीर आश्रम बड़ा बाग में पूजन कर किया मंडल केंद्र में वितरण सुठालिया खंड के 12 मंडलों में पहुंचे अक्षत कलश कार्यक्रम में विभाग के प्रमुख, संजय सक्सेना जिले के प्रमुख अशोक गुप्ता खंड तहसील प्रमुख अतुल विश्वकर्मामहेश गुर्जर नगर प्रमुख गौतम शर्मा भगत राठौर गोपाल सक्सेना, अरुण शर्मा धर्मेंद्र मीणा दिलीप मालवीयआदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

सरड़ा जोड़ पर मंगलवार को हुआ हादसा

# कामखेड़ा दर्शन करने जा रहीं मां-बेटी की हादसे में मौत



हरिभूमि न्यूज ▸▸ राजगढ़

राजस्थान के भालता थानाक्षेत्रान्तर्गत आ रहे सरड़ा जोड़ पर मंगलवार को हुए सड़क हादसे में हराना ग्राम निवासी मां-बेटी की दुःखद मौत हो गई। हादसे में दामाद दिनेष नागर निवासी ग्राम चिड़लावनिया गंभीर रूप से घायल हो गए। ये तीनों बाईक से कामखेड़ा बालाजी दर्षन के लिए जा रहे थे और इस दौरान यह हादसा हो गया। जानकारी के अनुसार हराना ग्राम निवासी शीलाबाई पत्नी जयनारायण नागर उम्र 40 साल, इनकी बेटी राधा पत्नी संदीप नागर उम्र 20 साल और परिवार के दामाद दिनेष नागर ये तीनों राजस्थान दर्शन करने जा रहे थे। इस दौरान सरड़ा जोड़ पर इनकी बाईक में एक ट्रक ने टक्कर मार दी। टक्कर से दोनों मां बेटी नीचे गिर गईं और इनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं, बाईक चला रहे दिनेष नागर घायल हो गए। घटना के बाद आसपास एकत्रित लोगों एवं पुलिस ने घायल को अस्पताल भिजवाते हुए मृतक मां-बेटी के शवों को पीएम के लिए इकलेरा भिजवाया।

## जगह-जगह पोस्टर लगाकर दे रहे हैं प्रत्याशी को बधाईयां

ब्यावरा। जिले में भाजपा में पार्टी प्रत्याशी के विरोध में छुप-छुप कर काम करने वाले भी अब सम्मान करते देखे जा रहे हैं। खासकर राजगढ विधानसभा में यह चेहरे आम भाजपा कार्यकर्ता के गले नहीं उतर रहे है। कई पार्टी कार्यकर्ताओं का कहना है कि जा अब सम्मान में बड़े बडे पोस्टर लगवा कर बधाईयां दे रहे है। उनके कई सबूत कई पार्टी कार्यकर्ताओं के पास है जो बताते है कि उन्होने पार्टी प्रत्याशी के खिलाफ काम किया था परंतु पार्टी की बडी जीत होने के कारण मन मारके ही सही सम्मान तो करना ही पड़ रहा है।

ग्रामीण डाक सेवकों की राष्ट्रव्यापी अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू, क्षेत्र के 12 से अधिक डाकघर रहेंगे बंद

# ग्रामीण डाकघरों में ताले लगे होने से ग्रामीणों को होगी परेशानी




हरिभूमि न्यूज ▸▸सारंगपुर

ग्रामीण अंचलों में डाकघर की सेवाएं प्रदान करने वाले ग्रामीण डाक सेवक अपने लंबे समय से चलती आ रही विभिन्न मांगों को लेकर मंगलवार से अनिश्चित कालीन हड़ताल पर बैठे गए हैं। यह हड़ताल पूरे देशभर में एक साथ की जा रही हे। जिसमें ग्रामीण डाकघर की व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा जाएगी। सारंगपुर क्षेत्र के अंतर्गत लगभग 12 से अधिक ग्रामीण शाखा डाकघर है। शाखा डाक सेवक कमल कारपेटर ने जानकारी देते हुए बताया कि केंद्र सरकार ग्रामीण डाक सेवको को हमेशा से छलती आई है। आजादी के 75 वर्ष बाद भी हमे सिर्फ चार से पांच घंटे का वेतन दिया जाता है। जबकि 8 घंटे से अधिक कार्य लिया जाता है। केंद्र सरकार ने जब 2018 में नया वेतन निर्धारण किया गया तब हमारे पुराने कर्मचारियों को क्रमोन्नति का लाभ भी नही दिया गया है। जिसके कारण आर्थिक नुकसान हुआ है।

## समान कार्य समान वेतन करें लागू

समान कार्य के लिए समान वेतन के सिद्धांत को लागू कर 4-5 घंटे का भुगतान किया जाये। सभी भेदभाव को समाप्त कर नियमित कर्मचारियों के समान वार्षिक वेतन वृद्धि सुनिश्चित करना, शाखा डाकघरों का कार्य बढ़ाने के लिए सभी शाखा डाकघरों को लेपटाप, प्रिंटर और ब्राडबैंड नेटवर्क प्रदान करना इत्यादि मांगों को लेकर 12 दिसंबर से अनिश्चित कालीन हड़ताल करने का फैसला लिया गया है। ग्रामीण डाक सेवक पोस्ट ऑफिस के वे कर्मचारी होते हैं जो गांव - गांव में घर-घर तक पोस्ट ऑफिस की सभी सेवाएं पहुंचाते हैं जीडीएस को केवल 4 घंटे के वेतन पर 8 से 10 घंटे का काम लिया जाता है जिसमें आईपीपीबी , आरबीआई आरपीएएल आई, एक्सीडेंटल इंश्योरेंस, सीएससी ,आधार अपडेट स्टेशन का कार्य, गंगाजल बिक्री, एईपीएस आदि कार्य इंसेंटिव के बेस पर करवाया जाता है इन सभी कार्य को कार्यभार में शामिल नहीं किया जाता है। और टारगेट के नाम पर मानसिक दबाव बनाया जाता है इन सभी मुद्दों को लेकर 12 दिसंबर से संपूर्ण भारत के ग्रामीण डाक सेवकों ने अनिश्चितकालीन हड़ताल की घोषणा की है । प्रमुख मांगे हैं हमे हमारे कार्यकाल को बढ़ाकर 8 घंटा किया जाए और जो भी काम हमें इंसेंटिव के बेस पर कराया जा रहा है उसे कार्यभार में शामिल किया जाए और कमलेश चंद्र समिति की जो भी सिफारिशे है उनको लागू किया जाए डाक सेवक मनोहरलाल सोनी कमल किशोर कारपेन्टर मांगीलाल सोलंकी, विजय वर्मा, विजय सोनी नीरज भिलाला किरण प्रियांशी यादव पुजा वर्मा सहित अन्य डाक सेवक अनिश्चितकाल हड़ताल पर गये हे।

# काव्य-निशा का किया गया आयोजन



सारंगपुर । रविवार को स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर में अखिल भारतीय साहित्य परिषद के तत्वावधान में राष्ट्रीय चेतना के कवि स्व श्री बालकृष्ण शर्मा नवीन की जन्म जयंती के स्मृति- प्रसंग में एक काव्य-निशा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजन से अतिथि गण द्वारा किया गया। सरस्वती वंदना साहित्य परिषद के अध्यक्ष सुशील व्यास द्वारा प्रस्तुत की गई। तदोपरान्त काव्य-पाठ के क्रम में स्वदीप सोलंकी ने गजल व वरिष्ठ कवि जयहिंद प्रकाश दुबे मुरलीधर सोनी पथिक,सुशील व्यास, बृजमोहन नारोलिया आदि ने अपनी प्रतिनिधि रचनाओं का पाठ किया। स्व0 बालकृष्ण शर्मा नवीन के व्यक्तित्व व कर्तृत्व पर सरस्वती विद्या मंदिर के प्राचार्य जितेंद्र पाठक ने प्रकाश डाला। इस अवसर पर समस्त सरस्वती साधकों की उपस्थिति में वयोवृद्ध समर्थ कवि मुरलीधर जी सोनी पथिक ने बहुमुखी प्रतिभा के धनी कवि सुशील व्यास को सारंग कवि नाम से अलंकृत किया तथा उपस्थित कवियों ने करतल ध्वनि से इसका अभिनन्दन किया। इस अवसर पर सुशील व्यास द्वारा रचित श्री राम जन्म-भूमि प्राण प्रतिष्ठा का गीत बुला रही है धरा अवध कीव पुण्य-सलिला कालीसिंध के धार्मिक महत्व को निरूपित करने वाले दो नव सृजित गीतों का मंचस्थ कवि सत्यनारायण शर्मा व शांतिलाल जैन द्वारा लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ कवि काका सत्यनारायण शर्मा तथा विशिष्ट अतिथि शांतिलाल जैन द्वारा भी प्रतिनिधि रचनाएं प्रस्तुत की गईं। कार्यक्रम का सफल संचालन बृजमोहन नारोलिया ने किया। साहित्य परिषद की ओर से स्वदिप सोलंकी ने सभी का आभार माना।

एक जमीन पर हो गए 3 तरह के आदेश

# भूलेख पोर्टल पर दर्ज है सच्चाई फिर भी नहीं हो रही है कार्रवाई

सारंगपुर। नगर में एबी रोड के समीप ब्लॉक कॉलोनी के नाम से भूमि जिस पर सरकारी क्वार्टर निर्मित है और कुछ जगह खुली भूमि है उस भूमि पर भू माफिया की नजर है। वह जमीन लगभग कब्जे में होती जा रही है और जिम्मेदार प्रशासन मौन है । लाखों करोड़ों रुपए की बेस कीमती जमीन पर भू माफिया की ऐसी नजर गई कि उन्होंने उस जमीन के सीमा चिन्ह को ही तोड़फोड़ कर कब्जा जमा लिया।

बॉक्सः- जमीन एक आदेश तीन

एबी रोड के किनारे ब्लॉक कॉलोनी के नाम से आवंटित भूमि जिस पर पूर्व में कलम नंबर 12 में कलेक्टर राजगढ़ के पत्र क्रमांक से नगर पालिका शॉपिंग कांप्लेक्स के लिए भूमि दर्ज थी। उक्त आसय को लेकर उस जमीन का नगर पालिका द्वारा विधिवत सीमांकन कराकर भारत माता शॉपिंग कंपलेक्स प्रस्तावित किया। इसके बाद इस भूमि में से तत्कालीन तहसीलदार ने एक जमीन मालिक को अनैतिक लाभ पहुंचाने के लिए एक अवैध रास्ते का आदेश पारित कर दिया। इस सर्वे नंबर की वहीं जमीन जिस पर रास्ते का आदेश भारत माता शॉपिंग कंपलेक्स का निर्माण हुआ है। वहीं जमीन वर्तमान में उच्च न्यायालय हाई कोर्ट में विचाराधीन होकर न्यायालय के निर्णय अनुसार कलेक्टर राजगढ़ द्वारा राजस्व विभाग को सौंप दी गई है। जो की भू अभिलेख साइट पर देखी जा सकती है।

**कार्रवाई करेंगे**

ब्लॉक कॉलोनी एसडीओपी निवास के पास की भूमि को लेकर शिकायत प्राप्त हुई थी शिकायत जांच में है इसी के चलते मैंने स्थल निरीक्षण किया है आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

**संजय उपाध्याय,** एसडीएम सारंगपुर

## जिले के प्रभारी मंत्री के मुख्यमंत्री बनने पर मनाया जश्न

राजगढ़। भाजपा आलाकमान द्वारा राजगढ़ जिले के प्रभारी मंत्री रहे डॉ. मोहन यादव को मुख्यमंत्री बनाए जाने के बाद स्थानीय भाजपाईयों ने जष्न मनाया। पार्टी नेतृत्व द्वारा लिए गए निर्णय पर सभी ने खुशी जाहिर की एवं पटाखे फोड़ते हुए एक-दूसरे को मिठाईयां खिलाईं। स्थानीय खिलचीपुर नाके पर सभी भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता एकत्रित हुए एवं जय भाजपा, विजय भाजपा के नारे लगाए। इसके उपरान्त सभी ने आतिषबाजी करते हुए प्रभारी मंत्री डॉ. यादव के मुख्यमंत्री बनाए जाने पर खुशियां जाहिर कीं। भाजपाईयों के अनुसार डॉ. मोहन यादव संपूर्ण जिले की प्रषासनिक व अन्य गतिविधियों, निर्माणाधीन परियोजनाओं आदि से पूरी तरह वाकिफ हैं। ऐसे में उनके मुख्ममंत्री बनने पर जिले को अपेक्षा से भी अधिक फायदा मिलने की उम्मीद है।



## फल फ्रूट गोदाम में लगी आग, हजारों का सामान जलकर हुआ खाक



सारंगपुर। नवीन बसस्टैंड पर मंगलवार को अज्ञात कारणोंके चलते अनीस पिता बाबू खा निवासी पटेलवाड़ी के फल फ्रूट के गोदाम में आग लग गई पुलिस ने मोके पर पहुँच कर फायर ब्रिगेड बुलाकर आग पर काबू पाया अचानक लगी आग मे एक मोटर साईकिल,फल फ्रूट का हाथ ठेला सहित प्लास्टिक की कैरेट सहित हजारों रूपये का अन्य समान जलकर खाक हो गया पुलिस ने तत्परता से मोके पर पहुँच कर आग पर काबू पा लिया आग फेलकर आसपास की दुकानो को अपनी चपेट में ले लेती तो आगजनी का बडा हादसा हो सकता था जिसमे लाखो रूपये का नुकसान हो सकता था।

# जनसुनवाई में आए विभिन्न समस्याओं के 73 आवेदन



हरिभूमि न्यूज ▸▸राजगढ़

निवार्चन उपरान्त अब हर मंगलवार होने वाली जिला स्तरीय जनसुनवाई एक बार फिर से आरंभ हो चुकी है। कलेक्टोरेट सभागार में कल हुई जन सुनवाई के दौरान शहर सहित जिले के दूर-दराज अंचलों से 73 आवेदकों ने अपनी-अपनी समस्याओं के आवेदन संयुक्त कलेक्टर वीरेंद्र सिंह दांगी को प्रस्तुत किए। उन्होंने प्रत्येक आवेदक से चर्चा की, उनकी समस्याएं जानी एवं संबंधित विभाग को समस्या के निराकरण के निर्देष प्रदान किए। इस मौके पर सभी विभागों के विभाग प्रमुख एवं उनकी प्रतिनिधि मौजूद थे।

# मृतक शिक्षक के परिजन को सहयोग राशि की भेंट

जीरापुर। राज्य शिक्षक संघ राजगढ़ ब्लॉक खिलचीपुर एवं समस्त अध्यापकों की ओर से स्वर्गीय दिनेश मालवीय प्राथमिक शिक्षक जो कि प्राथमिक विद्यालय किशनपुरिया ब्लॉक खिलचीपुर में पदस्थ थे। उनका सड़क दुर्घटना में दुःखद प्राणांत हो गया था । उनके दुःखद निधन से शिक्षकों ने शोक व्यक्त करतें हुए समस्त शिक्षक साथियों द्वारा आर्थिक सहायता के रूप में एकत्र की गई राशि एक लाख सात हजार एक रूपए उनके परिवार जनों जीरापुर में सहयोग रूप में प्रदान की गई। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश शर्मा , सुरेश दांगी, कैलाश दांगी ब्लॉक अध्यक्ष खिलचीपुर रामकरण मालवीय ,दीपक सेन,तूफान सिंह तोमर, रमेश चंद्र कारपेंटर, मनोहर मालवीय,कनीराम मालवीय एवं अन्य शिक्षक सहित परिवारजन उपस्थित रहे।



24 प्रकरणों का निराकरण राजीनामा के आधार पर किया गया

# सिविल न्यायालय में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸जीरापुर

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजगढ़ के अध्यक्ष राजीव कर्मह के निर्देशानुसार संपन्न आयोजन में विभिन्न प्रकरणों का निराकरण आपसी सहमति से किए गए। पीठासीन अधिकारी न्यायाधीश डॉ. मनोज कुमार गोयल की सहमति से कुल 24 प्रकरणों का निराकरण राजीनामा के आधार पर किया गया, जिनमें चार प्रकरण धारा 138 पर कार्म्य लिखित अधिनियम एवं 20 प्रकरण भारतीय दंड संहिता से संबंधित होकर शमनीय प्रकृति के थे उक्त प्रकरणों में 78 व्यक्ति लाभांवित हुए शमनीय प्रकृति के दांडिक प्रकरण में फरियादी जो की आशा वर्कर के रूप में कार्यरत थे तथा अभियुक्तगण प्रेमसिंह एवं संतोष भाई के मध्य वर्ष 2020 से प्रकरण लंबित था जिसमें लंबे समय के पक्ष न्यायालय की समझाइश से उभय पक्ष के मध्य स्वेच्छा पूर्वक राजीनामा होकर प्रकरण निराकृत किया गया । धारा 138 में जो कि कुल 248000 के चेक संबंधी केस था में न्यायालय की समझाइए तथा उभय पक्ष के अधिवक्ता मनोज उपाध्याय एवं बीएस पवांर द्वारा समझाइए दिए जाने के पश्चात फरियादी अभियुक्त के मध्य पूर्ण संतुष्टि से राजीनामा हुआ। लोक अदालत हेतु खंडपीठ क्रमांक 24 एवं 25 का गठन किया जाकर अधिवक्ता गण अमित पंचोली, राकेश जाटव को सुलहकर्ता सदस्य के रूप में नियुक्त किया।



## जीरापुर व माचलपुर के 13 प्रकरण रखे गए

जल तथा राजस्व प्रकरण में 27 प्रकरणों का निराकरण होकर उन्हें 127189 रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ। पीठासीन अधिकारी सुश्री दिव्या मित्तल के न्यायालय में उपयपक्ष की सहमति से कुल 21 प्रकरणों का निराकरण राजीनामा के आधार पर किया जिनमें 12 पारिवारिक प्रकरणों में तथा तीन शमनीय प्रकृति के दांडिक प्रकरणों का निराकरण हुआ।

## प्रकरणों का हुआ निराकरण

नगर परिषद द्वारा लोक अदालत के माध्यम से विभिन्न करदाताओं से बकाया राशि 57800 रुपए की वसूली की गई, जहां पर नोडल अधिकारी देवनारायण दांगी ,राजस्व प्रभारी रमेश मालवीय, राकेश मंडलोई, जसवंत चैहान, जितेन्द्र तिवारी ,कमल मंडलोई ,कृष्णा मुंदड़ा सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।